भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, नई दिल्ली–110001
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI-110 001

F.No.GAC-21-20/2026-CDN Dated: 29.10.2026

ENDORSEMENT

Sub: Celebration of Rashtriya Ekta Diwas-2026 on 151st birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel-reg.

Ref: D.O.No.I-19034/09/2026-NI-II dated 27.10.2026 alongwith Pledge.

The ICAR is in receipt of above referred DO letter issued by Sh. Govind Mohan Home Secretary, Government of India, New Delhi on the subject cited above.

The matter has been examined in this Department and with the approval of Competent Authority in the ICAR, the undersigned is directed to endorse the above mentioned OM and Pledge for information, guidance and compliance.

Encl: As above

(Rakesh Kumar)
Under Secretary (CDN)

Distribution:

1. All the Constituent Units of ICAR (Institutes/NRCs/PDs/ATARIs/ASRB etc.)
2. PSO to DG, ICAR/Sr. PPS to Secretary, ICAR/ PPS to FA, ICAR.
3. ICAR e-office Portal

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

सत्यमेव जयते

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
कर्तव्य भवन–3 / Kartavya Bhavan-3
नई दिल्ली / New Delhi

D.O. No. I-19034/09/2026-NI-II

27th October, 2026

Dear Secretary,

I am writing in connection with the observance of the 151st birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel on 31st October, 2026. The occasion provides an opportunity to reaffirm the inherent strength and resilience of our people in withstanding threats to the security, unity and integrity of the country.

2. The Union Home Minister has also requested the Union Ministers in the Ministries/Departments of the Government of India to celebrate Rashtriya Ekta Diwas–2026 with great enthusiasm and fervor (copy enclosed).

3. To commemorate the occasion, the Ekta Parade is being organized on 31st October, 2026, at Ekta Path, Ekta Nagar, Gujarat, with the participation of Special Units of State Police Forces, Central Armed Police Forces and NCC Cadets. The Rashtriya Ekta Parade, 2026, is being held in the evening for the first time. A theatrical performance on Anandmath, based on the famous novel by Bankim Chandra Chatterjee is being organised at Ekta Nagar on 30th Oct. 2026. The Ekta Parade on the 31st Oct. will commence with a grand musical heralding, featuring artists performing on traditional folk and tribal instruments. A cultural component exploring the journey of naxal-affected communities and highlighting the contribution of various State Police Forces in "Anti-Naxal Campain" will also be showcased through a compact, high energy theatrical narrative. Also, celebrations will highlight the significant achievement of "Naxal Mukt Bharat" with participation of people from LWE affected districts as special invitees in the parade. The Ekta Parade this year, comprises two major components, the first being the Tableaux, which, this year, are rooted in the spirit of *Jan Shakti* (people's power) and *Jan Jagran* (public awakening), with the national theme of "Vande Mataram" serving as the central guiding theme. A cultural programme showcasing the rich cultural diversity of India will be shown reinforcing the spirit of "Ek Bharat, Anant Rang". In addition, various activities will be organized during Bharat Parv from 01 November, 2026 to 15 November, 2026.

4. As advised by the Union Home Minister in his above-mentioned letter, a pledge-taking ceremony may be organized to mark the occasion. In this regard, the text of the "Rashtriya Ekta Diwas" Pledge is enclosed.

5. I, therefore, request you to issue appropriate directions and provide necessary guidance for the celebration of Rashtriya Ekta Diwas–2026 in a befitting manner.

With regards,

Yours sincerely,

Encl.: As above.

(Govind Mohan)

Secretary to all Ministries/Departments of the Government of India.

सत्यमेव जयते

अमित शाह
गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली

अ.शा. पत्र सं. I-19034/09/2026-NI-II
दिनांक : २७ अक्टूबर, 2026

श्री शिवराज सिंह चौहान जी,

भारत के आदरणीय लौह पुरुष, **भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी** की जयंती पूरे देश में 31 अक्टूबर को अत्यंत गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाई जाती है। यह अवसर राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा को बनाए रखने और उसे सुदृढ़ करने के हमारे सामूहिक उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है। इस वर्ष, हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मना रहे हैं, जो हमें अपार गौरव एवं प्रसन्नता से भर देती है। उन्होंने एक ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जो एकजुट, शक्तिशाली तथा समृद्ध हो, और अपने असाधारण नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं अटूट संकल्प के बल पर उन्होंने इस आकांक्षा को साकार किया। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के प्रेरक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है, जो अपने विविध राज्यों, भाषाओं, संस्कृतियों एवं परंपराओं के बीच अपनेपन और पारस्परिक सम्मान की भावना को पोषित करके भारत के "विविधता में एकता" के शाश्वत लोकाचार को सुदृढ़ करता है।

इस वर्ष, समारोह को और भव्य एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से पहली बार 31 अक्टूबर 2026 की शाम को एकता नगर, गुजरात में एकता पथ पर 'एकता परेड' का आयोजन किया जा रहा है। इस परेड में राज्य पुलिस बलों की विशेष (नक्सल विरोधी) इकाइयों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) और एनसीसी कैडेटों की सहभागिता सम्मिलित होगी। एकता परेड में "वंदे मातरम" की केंद्रीय थीम पर आधारित विभिन्न झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। "नक्सल विरोधी अभियान" में विभिन्न राज्य पुलिस बलों के योगदान को रेखांकित करने वाला एक सांस्कृतिक घटक भी इस परेड का हिस्सा होगा। साथ ही, परेड में विशेष आमंत्रितों के रूप में वामपंथी उग्रवाद (LWE) प्रभावित जिलों के लोगों की भागीदारी के साथ यह समारोह "नक्सल मुक्त भारत" की महत्वपूर्ण उपलब्धि को भी प्रदर्शित करेगा।

माननीय प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर 2026 को भारत पर्व 2026 का उद्घाटन करेंगे, जो 15 नवंबर 2026 तक चलना निर्धारित है। भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करने के व्यापक दृष्टिकोण के तहत आयोजित यह महोत्सव राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी विशिष्ट परंपराओं, लोक प्रस्तुतियों, क्षेत्रीय व्यंजनों, हस्तशिल्प और पर्यटन आकर्षणों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, 30 अक्टूबर 2026 की शाम को श्री बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित "आनंदमठ" पर एक नाटकीय प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी।

अतः, आपसे अनुरोध है कि 31 अक्टूबर 2026 को **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** गरिमामय एवं भव्य रूप से मनाने हेतु अपने मंत्रालय/विभाग को आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान करें। इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं:

i. एकता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह। 'एकता दिवस' शपथ का पाठ इसके साथ संलग्न है;

ii. देश भर में राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित करने के लिए उपयुक्त स्थानों पर समाज के सभी वर्गों के लोगों को सम्मिलित करते हुए 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़);

मैं आपसे यह भी अनुरोध करता हूँ कि अपने मंत्रालय तथा अधीनस्थ एवं संबद्ध कार्यालयों/संगठनों में एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम में भ्रमण हेतु पंजीकरण https://rashtriyaektadiwas.com पोर्टल पर किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रीय एकता दिवस पूर्ण उत्साह, ऊर्जा एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाए, ताकि यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सुदृढ़ करते हुए सरदार पटेल जी की 151वीं जयंती को एक भव्य, प्रेरक व स्मरणीय राष्ट्रीय उत्सव के रूप में प्रतिष्ठित करे।

भवदीय,

(अमित शाह)

श्री शिवराज सिंह चौहान,
माननीय मंत्री- कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास
भारत सरकार

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of SardarVallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

सत्यमेव जयते

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
कर्तव्य भवन–3 / Kartavya Bhavan-3
नई दिल्ली / New Delhi

27 अक्टूबर, 2026

अर्द्ध-शासकीय पत्र सं. I-19034/09/2026-NI-II

प्रिय सचिव,

मैं दिनांक 31 अक्टूबर, 2026 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन के संबंध में यह पत्र लिख रहा हूँ। यह अवसर देश की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता के समक्ष उत्पन्न होने वाले खतरों का सामना करने में हमारे लोगों की अंतर्निहित शक्ति एवं दृढ़ता को पुनः पुष्ट करने का अवसर प्रदान करता है।

2. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी ने भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के केंद्रीय मंत्रियों से भी राष्ट्रीय एकता दिवस–2026 को अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने का अनुरोध किया है (प्रति संलग्न)।

3. इस अवसर के उपलक्ष्य में दिनांक 31 अक्टूबर, 2026 को गुजरात के एकता नगर स्थित एकता पथ पर एकता परेड का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य पुलिस बलों की विशेष इकाइयों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के कैडेटों की सहभागिता होगी। राष्ट्रीय एकता परेड, 2026 का आयोजन पहली बार सायंकाल में किया जा रहा है। दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 को एकता नगर में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जा रही है। दिनांक 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाली एकता परेड का शुभारंभ भव्य संगीतमय उद्घोष के साथ होगा, जिसमें कलाकार पारंपरिक लोक एवं जनजातीय वाद्ययंत्रों पर प्रस्तुतियाँ देंगे। इसके अतिरिक्त, नक्सल प्रभावित समुदायों की यात्रा को दर्शाने तथा "नक्सल विरोधी अभियान" में विभिन्न राज्य पुलिस बलों के योगदान को रेखांकित करने वाली एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी संक्षिप्त एवं प्रभावशाली नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी। इस आयोजन में "नक्सल मुक्त भारत" की महत्वपूर्ण उपलब्धि को भी रेखांकित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद (LWE) से प्रभावित जिलों के लोगों को परेड में विशेष आमंत्रितों के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। इस वर्ष की एकता परेड के दो प्रमुख घटक हैं। प्रथम घटक झाँकियों का है, जो इस वर्ष जन शक्ति (लोगों की शक्ति) एवं जन जागरण की भावना पर आधारित हैं तथा जिनकी केंद्रीय मार्गदर्शक विषयवस्तु "वंदे मातरम्" है। इसके अतिरिक्त, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा, जो "एक भारत, अनंत रंग" की भावना को सुदृढ़ करेगा। इसके साथ ही, दिनांक 01 नवंबर, 2026 से 15 नवंबर, 2026 तक भारत पर्व के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

4. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी द्वारा उपर्युक्त पत्र में दिए गए सुझाव के अनुसार, इस अवसर को चिह्नित करने हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया जा सकता है। इस संबंध में "राष्ट्रीय एकता दिवस" की शपथ का पाठ संलग्न है।

5. अतः आपसे अनुरोध है कि राष्ट्रीय एकता दिवस–2026 को उपयुक्त एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने तथा मार्गदर्शन प्रदान करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

संलग्नक: यथोपरि।

(गोविंद मोहन)

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
(संलग्न सूची के अनुसार)